**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2296**
**दिनांक 01 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## आयुष्मान कार्ड पर टॉप-अप

**2296. श्री भारत सिंह कुशवाहः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार जिला चिकित्सा बोर्ड की सिफारिश पर कैंसर, किडनी खराब होने, हृदय, लीवर, न्यूरोलॉजी, रीढ़ की हड्डी आदि जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए एक वर्ष की अवधि में 5 लाख रुपये की राशि खर्च करने के बाद आयुष्मान कार्ड पर टॉप-अप करने पर विचार कर रही है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है जो मध्यम और विशिष्ट परिचर्या हेतु अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति वर्ष प्रत्येक पात्र परिवार को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करती है।

एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत, नवीनतम स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) के अनुसार, यह योजना पात्र लाभार्थियों को सामान्य चिकित्सा, सामान्य शल्य चिकित्सा, अस्थि रोग, हृदय रोग, ऑन्कोलॉजी आदि सहित 27 चिकित्सा विशेषज्ञताओं में 1961 प्रक्रियाओं से संबंधित कैशलेस स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएँ प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, राज्यों को स्थानीय परिस्थिति के अनुसार स्वास्थ्य लाभ पैकेजों को और अधिक अनुकूल करने की सुविधा प्रदान की गई है।

*****